दिनांकः 20.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

पीएम विश्वकर्मा योजना का एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र के वर्धा में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं। श्री मोदी योजना के लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र और ऋण वितरित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम से विभिन्न राज्य वीडियो कॉनफ्रेन्स के माध्यम से जुडे हैं। जयपुर में हो रहे कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भाग ले रही हैं। गौरतलब है कि कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की ओर से चलाई जा रही पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत राज्य के लगभग सभी जिलों में प्रशिक्षण केन्द्र संचालित हैं। इनमें प्रशिक्षणार्थियों को ट्रेनिंग देकर विभिन्न विधाओं में कुशल बनाया जा रहा है। राज्य में 58 हजार 713 लोगों को अब तक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वहीं 3 हजार 159 का प्रशिक्षण चल रहा है।

....

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े आज बांसवाडा जिले के दौरे पर हैं। उन्होंने गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की। श्री बागड़े ने कहा कि जनजातियों के सर्वांगीण उत्थान के लिए बुनियादी शिक्षा में सुधार तथा प्राथमिक शिक्षा को बेहतर स्वरूप प्रदान करने की आवश्यकता है। उन्होंने जागरुकता और शैक्षिक विकास की भूमिका को अहम् बताते हुए इसके लिए शिक्षा विभाग को सार्थक प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में श्री बागड़े ने विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए लोक कल्याणकारी गतिविधियों और क्षेत्रीय विकास कार्यों में रफ्तार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन में सम्पूर्ण सफलता अर्जित करने पर जोर दिया और कहा कि इसके लिए शत–प्रतिशत लक्ष्यों को पूरा करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई घर शौचालय से वंचित न रहे और घर–घर इनकी उपयोगिता की उपलब्धि सामने आए।

....

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेश में कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान में आकाशवाणी का जयपुर केन्द्र भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। हाल ही में परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इसके बाद शौचालयों की साफ–सफाई भी की गई। इसमें संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। आज केन्द्र में स्थित ट्रांसमीटर और अर्थ स्टेशन परिसर में सफाई की जाएगी। इस दौरान तकनीकी भंडार से कबाड़ भी हटाया जाएगा। भरतपुर के रुदावल में स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली गई। इसमें स्वयं सेवकों ने भाग लेकर स्वच्छता से संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियों के माध्यम से लोगों को सफाई के प्रति जागरुक किया गया। वहीं रूपवास में भी सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरुक कर प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की गई। इससे पहले कल श्री जया राजकीय महाविद्यालय में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया और प्लास्टिक कचरे को इकट्ठा कर उसे नष्ट किया गया। अभियान के दौरान बाइक रैली भी निकाली गई।

....

प्रदेश में आज भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर और कोटा संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कल पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बने रहने तथा छुट पुट स्थानों पर हल्की वर्षा के आसार हैं। इस बीच, पिछले 24 घंटों में राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर बारिश हुई। करौली में आज सुबह हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। जयपुर में सुबह से बादल छाए हुए हैं। प्रदेश में इस बार हुई अच्छी बरसात से अधिकतर जलाशय लबालब हो गए हैं। झालावाड ज़िले का कालीसिंध बांध पूरा भर गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पानी की आवक बनी रहने पर बांध के गेट खोले जाएंगे। कालीसिंध बांध की भराव क्षमता 316 मीटर है। उधर, पिछले दिनों हुई भारी बरसात से सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर स्थित

त्रिनेत्र गणेश मंदिर में नुकसान होने से मंदिर की मरम्मत का काम किया जा रहा है। इस कारण श्रद्धालु एक अक्टूबर तक दर्शन नहीं कर सकेंगे। मंदिर के पट दो अक्टूबर से नियमित रूप से खुलेंगे। इस दौरान पूजा नियमित रूप से की जाएगी और भक्तों को ऑनलाइन दर्शन कराए जाएंगे।

....